ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -7

हिन्दी (LOWER)

पाठ -1

नया साल

2.कविता में प्रयुक्त निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए-

क)प्र.'नया साल नई उमंगे,जगा नया विश्वास।'

उत्तर.नया साल जोश लेकर आता है । सबके मन में नया विश्वास उत्पन्न होता है । बच्चों को नए साल में नए - नए गुणों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

ख)प्र.'प्रेम करुणा की हवा में,ले पाएँ सभी फिर साँस ।'

उत्तर.चारों तरफ़ लोगों के मन में करुणा और प्रेम के भाव होना चाहिए । तभी सभी लोग जीवन को सही ढंग से जी पाएँगे।

ग)प्र.'प्यार पले सभी के दिल में, सभी चाह अधूरी मिट जाएँ ।'

उत्तर.सभी के मन में प्यार की भावना होनी चाहिए । सभी की अधुरी इच्छाएँ पूरी हो जाएँ ।

3.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क)प्र.कौन नया विश्वास जगा गए?

उत्तर.नए साल के आने से सभी। के मन में नई - नई आशाएँ उत्पन्न होती हैं। नई- नई उमंगे मन में विश्वास जगा जाती हैं।

ख)प्र.कवि क्या-क्या छोड़ने के लिए कह रहे हैं?

उत्तर. कवि बीते समय की बुरी बातों को छोड़ने की बात कह रहे हैं। बुराइयों से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए। जिंदगी में बेकार की चीज़ें न रहे।

ग) प्र.कवि प्रेम करुणा की हवा क्यों लाना चाहते हैं?

उत्तर.कवि प्रेम करुणा की हवा लाना चाहते हैं ताकि सभी खुली हवा में साँस ले सके। सभी एक- दूसरे से मिलजुलकर रहें।

घ)प्र.सभी के दिल में क्या होना चाहिए?

उत्तर.सभी के दिल में प्यार होना चाहिए।जब सभी के मन में प्रेम भाव होगा तो लोगों के बीच की दूरियाँ समाप्त हो जाएगी।

ड) प्र. हिम्मत की गाँठ बांधकर कवि इस पंक्ति के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं?

उत्तर.हिम्मत अपनाकर बच्चे दृढ़ निश्चयी तथा साहसी बनते हैं। हिम्मत और साहस से ही रास्ते में आनेड वाले कष्टों को दूर कर सकते हैं।

4.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए-

ख) प्र. कविता के किस पद में समानता का संदेश दिया गया है? अर्थ सहित पद लिखिए?

उत्तर. सुखमय हो जीवन सारा, आम रहे ना कोई खास नया साल फ़िर से ले आया है, एक नया अहसास। कवि कहना चाहते हैं कि सभी का जीवन सुखों से भरा हों। सभी बराबर हो। कोई साधारण न हो और न ही कोई विशेष। नया साल खुशियाँ लेकर आया है। सभी के मन में नया अहसास है।

भाषा ज्ञान-

पढ़िए, समझिए और लिखिए-

'उमंग' शब्द में अनुस्वार का प्रयोग हुआ है तथा "साँस" शब्द में चन्द्रबिन्दु का

कविता में से अनुस्वार तथा चन्द्रबिन्दु वाले शब्द छांटकर लिखिए-

अनुस्विर-उमंगे, जिंदगी, संदेश सिखें

चन्द्रबिन्दु-गाँठ , बाँधकर, बाधाएँ ,जाएँ

2.निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए-

भरोसा-विश्वास
समय- वक्त
जिंदगी- जीवन

प्रेम- प्यार
राह – रास्ता
साल- वर्ष

गृहकार्य-

लिखे गए प्रश्नों उत्तर को गृहकार्य कॉपी में लिखो।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP